# आरएएस मुख्य परीक्षा को स्थगित करने की मांग, प्रदर्शन किया

- पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारी छात्रों को हिरासत में लिया
- एनएसयूआई पदाधिकारियों और आरएएस परीक्षा के अभ्यर्थियों ने दिया ज्ञापन

**अजमेर,** (कासं)। एनएसयूआई छात्र संगठन और आरएएस मुख्य परीक्षा के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय कुमार श्रोत्रिय को ज्ञापन सौंपकर आरएएस मुख्य परीक्षा को स्थगित करने की मांग की है। मालूम हो कि राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस-प्री 2021 परीक्षा का परिणाम रद्द कर दिया, लेकिन अजमेर में राजस्थान लोक सेवा आयोग के बाहर एनएसयूआई और अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने को लेकर अपना विरोध जता रहा है। इस मौके पर आयोग परिसर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। पुलिस ने प्रदर्शनकारी कुछ छात्रों को हिरासत में भी लिया।

राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर मंगलवार को एनएसयूआई के छात्र पदाधिकारियों और अभ्यार्थियों ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शिव कुमार गुर्जर के नेतृत्व में परीक्षा स्थगित किए जाने की मांग को लेकर हाथों में लिखी तख्तियों के साथ नारेबाजी करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को देखते हुए आयोग परसिर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा।



एनएसयूआई के पदाधिकारियों के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

आरपीएससी में प्रदर्शनकारियों द्वारा जबरन प्रवेश करने को मौजूद पुलिस बल के साथ धक्का मुक्कती भी हुई। एनएसयूआई के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शिव कुमार गुर्जर ने बताया कि आयोग ने प्री का परिणाम जारी होने के बाद अचानक सिलेबस में 90 प्रतिशत से ज्यादा बदलाव कर दिया है। इस बदलाव के चलते कोरोना काल में अभ्यर्थियों द्वारा सिलेबस को कवर करने में आ रही परेशानियों को ध्यान में रखते हुए आयोग अभ्यार्थियों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए फिलहाल परीक्षा को स्थगित करने की मांग की। अभ्यार्थियों ने आरपीएससी अध्यक्ष सहानुभूति पूर्वक विचार कर 25 व 26 फरवरी को घोषित आरएएस मुख्य परीक्षा 2021 को स्थगित करने की अपील की है।

वहीं आरपीएससी के बाहर पुलिस से धक्का मुक्की और प्रदर्शन कर रहे छात्र नेता शिव कुमार गुर्जर सहित 5-7 छात्रों को प्रशिक्षु आईपीएस सीओ नॉर्थ छवि शर्मा और सिविल लाइंस थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया, सभी छात्रों को पुलिस बस में भरकर सिविल लाइंस थाने ले जाया गया। इस मौके पर सिविल लाइन थाना प्रभारी अरविंद सिंह चारण और पुलिस का भारी जाब्ता मौजूद रहा। सीओ नार्थ छवि शर्मा ने बताया कि जब मामला न्यायालय में है तो यह छात्र किस उद्देश्य को लेकर आरपीएससी में प्रदर्शन करने पहुंचे थे, इस मामले में जांच करने के लिए छात्रों को हिरासत में लिया गया है। मालूम हो कि राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस-प्री 2021 का परीक्षा परिणाम रद्द कर दिया है।

# 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन


पंचायत समिति मसूदा प्रधान, सिकरानी सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**अजमेर,** (कासं)। मसूदा के अंधेरी देवरी गांव में श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा किए जा रहे अवैध खनन, ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त हो रहे मकान, प्रदूषण से खेती को हो रहा नुकसान व गिरते जल स्तर सहित 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति मसूदा प्रधान, सिकरानी सरपंच के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अजमेर पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांगों को पूरा करने की मांग की।

पंचायत समिति मसूदा प्रधान मोनू कंवर राठौड़ और सिकरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में मंगलवार को मसूदा से आए ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर अंशदीप को ज्ञापन सौंपकर श्री सीमेंट लिमिटेड अंधेरी देवरी से विभिन्न मांगों को पूरा कराने की मांग की है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में सिकरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि मसूदा तहसील के अंतर्गत अंधेरी देवरी स्थित श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा लगातार अरावली पर्वत मालाओं और मगरा क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में फैल रहे प्रदूषण की वजह से मकान काले पडने लगे हैं तो वहीं ब्लास्टिक की वजह से मकानों में दरारे आने लगी है। बढ़ते प्रदूषण की वजह से गांव के कुए का पानी प्रदूषित हो गया है तो वही खेत भी बंजर होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न तरह की समस्याओं से ग्रसित ग्रामवासी चाहते हैं कि जिला प्रशासन श्री सीमेंट लिमिटेड प्रशासन को अवैध खनन व ब्लास्टिंग के लिए पाबंद किया जाए तथा ग्रामीणों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देकर क्षेत्र में आ रही समस्याओं का निस्तारण किया।

## संक्षिप्त

### दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

**नागौर,** (निसं)। मैरिज गार्डन में नागौर जिले के आठ ब्लॉक की 200 साथिनों का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सिकरामाराम चोयल, उपनिदेशक महिला अधिकारिता जितेंद्र शर्मा एवं नेहरू युवा केंद्र जिला युवा अधिकारी सुरमयी शर्मा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण को चोयल उपनिदेशक चोयल ने संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालित समस्त योजनाओं के बारे में साथिनों को अवगत कराया। उपनिदेशक जितेंद्र शर्मा ने प्रशिक्षण के प्रथम दिन किशोरियों एवं महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में तथा पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाला परिवार संवाद कार्यक्रम ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना आदि पर बात की। प्रशिक्षण में सुपरवाइजर सुमन बेडा, उर्मिला भाकर, परसाराम, नरेश ने भी विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। अंत में उपनिदेशक जितेंद्र शर्मा द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### मौलाना आजाद की पुण्यतिथि मनाई

**अजमेर,** (कासं)। मौलाना अब्दुल कलाम आजाद कल्याण संस्थान द्वारा आज आज़ाद पार्क में मौलाना आज़ाद की पुण्य तिथि मनाई गई। प्रवक्ता राजेन्द्र गांधी ने बताया कि इस मौके पर संस्थान के सभी पदाधिकारियो ने मौलाना अबुल कलाम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की । इससे पूर्व मूर्ति को साफ सुथरा कर पानी से धोकर सफाई की। संस्थान के संस्थापक सैयद मंसूर अली ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री रहे एवं स्वतंत्रता सेनानी रहे। कार्यक्रम में शैलेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र गांधी, सैयद मोइज़ूज़ अली, ईलयान मोहम्मद खान, सुदेश शर्मा, ऐतज़ाद अहमद खान, सैयद रब नवाज़ जाफरी अन्य ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमनअर्पित किये।

### नेत्र जांच व शल्य चिकित्सा शिविर

**मकराना,** (निसं)। रोटरी क्लब मकराना द्वारा आयोजित निशुल्क आई एवं शल्य चिकित्सा शिविर लगनसाह मेमोरियल हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर में ओपीडी की गई। कुचामन से डॉक्टर लुकमान खान एवं जाकिर हुसैन एवं उनकी टीम मकराना सीएससी से डॉ जावेद सिसोदिया एवम टीम हॉस्पिटल सभी एवम टीम ने मिलकर 841 की ओपीडी की। उनमें से 102 मरीजों को चयनित किया गया।

### शिवजयंती महोत्सव का आयोजन

**परबतसर,** (निसं)। ब्रह्मा कुमारीज और भारत सरकार के संयोग से चलाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान के तहत परबतसर उप सेवा केंद्र पर त्रिमूर्ति शिवजयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में पधारे प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश मुंडवाडिया, नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने भी अपने मन के उदगार सभी के सामने रखते हुए संस्था का आभार प्रकट किया।

## आरोपी ने आठ मकानों में चोरी कबूली

**मदनगंज-किशनगढ,** (निस)। मदनगंज थाना पुलिस ने शहरी क्षेत्र के 8 सुने मकानों में चोरी करने वाले पेशेवर नकबजन को गिरफ्तार कर बडी सफलता हासिल की है। गुनाहगार के खिलाफ जयपुर व अजमेर जिले में नकबजनी के करीब 20 मामले दर्ज है। पुलिस की गिरप्त में आया कच्ची बस्ती, जगतपुरा सांगानेर जयपुर निवासी आरोपी सुरेन्द्र बाल्मीकि है।

थाना इंचार्ज नेमीचंद चौधरी ने बताया कि करीब एक माह पूर्व शिवाजीनगर निवासी कमल बागडोदिया ने मामला दर्ज कराया कि आवश्यक कार्य से बेंगलोर गया था, वापस लौटा तो मकान के ताले टूटे हुए थे और 25 हजार की नगदी सहित जेवरात गायब मिले। पुलिस ने तहकीकात शुरू कर दी, स्पेशल टीम का गठन कर बदमाश को पकड़ने के लिये जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बीच अबल दर्जे का शातिर अपराधी सुरेन्द्र बाल्मीकि शक के दायरे में आ गया। काफी मशक्कत के बाद इसे पकडकर हवालात में डाल दिया। पूंछताछ के दौरान इसने अन्य साथियों के संग कृष्णापुरी, हाउंसिंग बोर्ड, राजारेड्डी, पृथ्वीराज नगर व शिवाजीनगर में 8 सुने मकानों में सेंधमारी कर चोरी करने में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

# नि:शुल्क नेत्र जांच व लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। लायंस कूब अजमेर के तत्वाधान में मयाणी अस्पताल एवम रिसर्च सेंटर व जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी के आर्थिक सहयोग से एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन मंगलवार को आशा गंज स्थित मयाणी अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में आयोजित किया गया।

लायंस कूब अजमेर के अध्यक्ष अशोक पंसारी ने बताया की शिविर में अपार जन समूह उमड़ पड़ा लगभग दो सौ पचास से ज्यादा आंखों के मरीजों की जांच की गई जिनमे लगभग पचास मरीजों का मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयन किया गया चयनित मरीजों का आज और कल ऑपरेशन किए जायेंगे 25 फरवरी को छुटी दी जायेगी, शिविर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी भामाशाह आनंदी लाल अरोड़ा ने लायंस कूब के सेवा कार्यों की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा की आप लोगो के सेवा भाव से गरीब वर्ग को बहुत राहत मिलती है।



शिविर में नेत्र चिकित्सक द्वारा मरीजों की आँखों की जांच की गई।

शिविर मेंसचिव लॉयन टीकम चंद जैन ने बताया कि शिविर में भोजन आवास चश्मा लैंस दवाइयां जांच ऑपरेशन की नि: शुल्क व्यवस्था की गई है। लायन प्रभु थारानी ने मयानी हॉस्पिटल की ओर से सभी आगुंतको का स्वागत किया ऑपरेशन विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप महेश्वरी व डॉक्टर राहुल वासवानी द्वारा किए जायेंगे, लायंस कूब अजमेर के लायनएम के रॉय लायन लायन भागूइसरानी लायन आर के गर्ग लायन जे के जैन लायन संजय शर्मा जोन चेयरमैन लायन कमलेश ईनानी लायन नरपत राज भंडारी लायन पुरषोत्तम आसवानी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# कुएं में गिरने से महिला की मौत

- मेहरिया मगरी की है घटना

**मसूदा,** (निसं)। मसुदा थाना अंतर्गत ग्राम मेहरिया मगरी में मंगलवार को एक महिला कुएं में गिर गई। कुएं पर रखे इंजन को चलाते समय पैर फिसलने से महिला को कुएं में गिरना बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दौलतपुरा द्वितीय ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम मेहरिया मगरी निवासी 42 वर्षीय महिला पप्पूडी पुत्री पूनम सिंह मंगलवार को उसके पैतृक कुएं पर लगे इंजन को चलाते वक्त कुए में जा गिरी। इस घटना का मार्मिक बिंदु यह है की पप्पूड़ी की यद्यपि शादी होने के बाद ग्राम केसरपुरा स्थित ससुराल चली गई थी तथापि उसके माता-पिता का देहांत होने एवं उसके भाई छोटे होने के कारण भाई की परवरिश के उद्देश्य से पप्पूडी पिछले करीब 15 वर्ष से ग्राम मेहरिया मगरी में अपने मायके में रह रही थी।

भाई आदि की परवरिश में पप्पूड़ी के पति का भी पूरा सहयोग मिलता रहा और भाई आदि की परवरिश के साथ ही कृषि भूमि के कार्य करते हुए आज कुए पर लगे इंजन को चलाने के दौरान पैर फिसलने से कुएं में गिरने से पप्पूड़ी भी इस दुनिया से चल बसी। पप्पूडी के कुएं में गिरने की घटना की सूचना मिलते ही दौलतपुरा द्वितीय ग्राम पंचायत के सरपंच प्रभु सिंह रावत ने पुलिस को सूचित कर घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे मसूदा थाना अधिकारी चेनाराम बेडा ने ग्राम वासियों के सहयोग से कुए का पानी तुड़वा कर शव को बाहर निकलवाया। सरपंच प्रभु सिंह रावत एवं पुलिस की मौजूदगी में मसूदा के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। बहर हाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम JETHA RAM से बदलकर JETHA RAM SANGWA रख लिया है जो सत्य है भविष्य में इसी नाम से जाना जावे। पासपोर्ट संख्या V36377248 में नाम दुरूस्त हो।

निवासी-भवादिया की ढाणी तहसील डीडवाना जिला नागौर

# कार ट्रक में घुसी, तीन की मौत

**भीलवाडा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ थाना क्षेत्र के तख्तपुरा चौराहे पर हुए भीषण सडक हादसे में जयपुर के विराटनगर में शादी के बाद नीमच लौट रही बारात में शामिल कार अज्ञात ट्रक में जा घुसी। हादसा, आगे चल रहे वाहन चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ। इस भीषण दुर्घटना में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये। इस हादसे की खबर जब दुल्हा-दुल्हन व रिश्तेदारों के घरों तक पहुंची तो शादी की खुशियां मातम में बदल गई। तीनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिये गये, जबकि दोनों घायलों का निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

हमीरगढ थाना प्रभारी हनुमान राम ने बताया कि हवाई अड्डा रोड, नीमच निवासी राजा भैय्या उर्फ बृजेश सैनी की बारात 19 फरवरी को जयपुर के पास विराट नगर गई थी। शादी के बाद मंगलवार को सुबह करीब 4 बजे बारात पुन: नीमच के लिए विराटनगर से रवाना हुई। बारात में शामिल दो बसें रात को ही नीमच चली गई, जबकि एक बस और करीब आधा दर्जन चौपहिया वाहन आज नीमच जा रहे थे।

बारात में शामिल एक कार हमीरगढ थाना सर्किल में चित्तौडगढ हाइवे पर स्थित महारानी होटल के सामने तख्तपुरा चोराहे पर पहुंची थी कि आगे चल रहे अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुये ट्रक के ब्रेक लगा दिये। इससे बारात की कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान पीछे चल रहे अन्य वाहन भी वहां पहुंच गये। इन वाहनों में सवार बारातियों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां कार में सवार हवाई अड्डा रोड, नीमच निवासी सीताराम (65) पुत्र मूलचंद सैनी, इनके बेटे अजय सैनी (39) व श्रद्धानंद मार्ग छावनी इंदौर निवासी बाबूलाल (65) पुत्र देवकरण सैनी को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

वहीं दो घायलों चितावत पालरा इंदौर निवासी हर्षवद्र्धन (18) पुत्र कमलेश सैनी व अमावली नीमच निवासी गजेंद्र सिंह (38) पुत्र उमराव सिंह शक्तावत को परिजनों ने एक अन्य निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इन दोनों का उपचार किया जा रहा है। उधर, तीनों शवों को निजी अस्पताल से जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद ये शव परिजनों के सुपुर्द कर दिये गये। परिजन शव लेकर मध्यप्रदेश रवाना हो गये। परिजनों के मुताबिक, हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोग दुल्हे के रिश्तेदार हैं। इनमें सीताराम सैनी छोटे दादा, अजय चाचा व बाबूलाल ब्याई है।

# तीन बच्चों सहित महिला ट्रेन के आगे कूदी

- घायल डेढ़ साल के मासूम को अस्पताल में करवाया भर्ती

**ब्यावर,** (निसं)। गहलोत कॉलोनी के समीप माया पत्नी रामकरण नाम की एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ ट्रेन के आगे कूद गई। इससे उसकी और दो बालिकाओं सात वर्षीय सुमन और चार वर्षीय मनीषा की मौके पर ही मौत हो गई जिनका शव मोर्चरी में पोस्टमार्टम हेतु रखवाया गया जबकि एक डेढ़ वर्षीय बालक कृष्णा बुरी तरह से घायल हो गया जिसे राजकीय अमृत कौर चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलत: दूदू के समीप इंद्रा कोलोनी मोजमाबाद का यह परिवार ब्यावर में कालेज के समीप झोपडी बनाकर रहता था और कचरा बीनने का कार्य करता था। बताया जा रहा की महिला अपने बच्चों के साथ ट्रेक पर आई और अचानक ट्रेन के आगे कूद गई। ट्रेन चालक द्वारा रेलवे स्टेशन पर सूचना दी गई जिस पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर क्षेत्र के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। महिला के पति रामकरन ने पुलिस को बताया की वो कचरा बीनने हेतु गया था लेकिन वापस आने पर किसी को भी वहाँ नहीं देखा और तलाश शुरू करते करते ही जानकारी मिली जबकि पुलिस पूर्व में ही पहुँच चुकी थी। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला अजमेर राजस्थान**

क्रमांक: न.पा.बि./निर्माण स्वी./2021/6406 दिनांक :-11.02.2022

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान का गृहकर पंजिका/विकास कर में अन्तरण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/ आपत्ति मान्य नहीं होगी :-

| फाईल नं. | आवेदनकर्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | हस्तान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 365 | नरेन्द्र कुमार मीणा पुत्र खेमराज मीणा | तारों का खेड़ा चौसला बिजयनगर ख.सं. 522, 523 भू.सं. 32 | 89.99 SQ.MTS | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी,
नगर पालिका, बिजयनगर

**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

क्रमांक:-अविप्रा/प.3/भू.उ.परि./2022/1278 दिनांक 21.02.2022

**सार्वजनिक सूचना**

नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिसूचना क्रमांक प.11 (08) नविवि/2020 दिनांक 24.02.2021 एवं अजमेर विकास प्राधिकरण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत निम्नांकित भूमि का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्रस्तावित किया गया है।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | योजना का नाम | प्लॉट नम्बर | कुल क्षेत्रफल | जोनल डवलपमेन्ट प्लान2033(जोन2) के अनुसार भू-उपयोग | स्वीकृत भू-उपयोग | चाहा गया भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री राजेश कुमार जैन पुत्र श्री समुन्द्र सिंह जैन | पंचशील नगर | भूखण्ड संख्या C-197 | 324.00 वर्गमीटर | मिश्रित | आवासीय | व्यवसायिक |

उपरोक्त भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने पर किसी संस्था/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस में अपनी आपत्ति/कारण/विवरण सहित अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर में दर्ज करावें। अन्यथा अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति या सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सदस्य सचिव (भू-उपयोग परिवर्तन समिति) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

# विभाग की अनदेखी नसीराबाद के पशुपालकों पर भारी

- वरिष्ठ चिकित्सक सहित अधिकांश पद रिक्त हैं
- विधायक सहित अधिकारी भी नहीं ले रहे पशु चिकित्सालय की सुध

**नसीराबाद,** (निसं)। नसीराबाद अजमेर उपखण्ड का एकमात्र पशु चिकित्सालय काफी सालों से पशुपालन विभाग की अनदेखी का दंश झेल रहा है जिसका खामियाजा पशुपालकों को उठाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार करीब 2 वर्षों से वरिष्ठ पशु चिकित्सक का पद रिक्त पड़ा है व पशु चिकित्सा सहायक, पशुधन सहायक, पशुधन परिचर के दो पद, सफाईकर्ता का एक पद गत 2 वर्षों से रिक्त पड़े हैं जिसके कारण पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पशु चिकित्सालय नाममात्र का पशु चिकित्सालय बनकर रह गया हैं। यहां पर चल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू) गत 3 वर्षों से बजट के अभाव में बंद पड़ी है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में कोई पशु गंभीर रूप से बीमार हो जाता है या घायल हो जाता है तो उसको भी उपचार नहीं मिल पाता जिसके चलते इलाज नहीं मिलने के कारण पशु दम तोड़ देते हैं।



मार्ग सहित अस्पताल परिसर में कटीली झाडियां लग चुकी है। इससे ऐसा लगता है जैसे चिकित्सालय का बोर्ड लगा हुआ और जंगल में आ गए हो।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोई व्यवस्था करके पशुओं को चिकित्सालय में भी लाते हैं तो वहां पर चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ नहीं होने के कारण बैरंग लौटना पड़ता है तथा आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं पशु चिकित्सालय का मुख्य मार्ग काफी वर्षों से क्षतिग्रस्त पड़ा है जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इस कारण पशुओं को भी ले जाना दुश्वार हो रहा है वही मार्ग सहित अस्पताल परिसर में कटीली झाडियां लग चुकी है, ऐसा लगता है जैसे चिकित्सालय का बोर्ड लगा हुआ और जंगल में आ गए हो। इसके बावजूद पशुपालन विभाग पशु चिकित्सालय की सुध नहीं ले रहा है। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने भी कभी पशु चिकित्सालय को सुधारने की जरूरत महसूस नहीं की। इस कारण पशुपालकों भारी रोष व्याप्त है।

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

शाखा कार्यालय: मांडलगढ़, जिला- भीलवाड़ा राजस्थान- 311404, फोन नं.: 01489- 230007 ई-मेल: mandal@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतुई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है''** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा**, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

**ऋणियों/जमानतदारों के नाम एवं पते- श्री आजाद कुमार दमानी पुत्र श्री राम गोपाल दमानी पता:** बागीद, मांडलगढ़, जिला-भीलवाड़ा, राजस्थान **एवं जमानतदार-** श्री शंकर लाल पुत्र श्री मोहन लाल मीणा **पता:** पालका झोपड़ा, बरून्दनी, मांडलगढ़, जिला-भीलवाड़ा, राजस्थान

**कुल बकाया-** रूपये 7,62,458/- दिनांक 03.08.2018 तक ब्याज शामिल करते हुए एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।

**कब्जे की स्थिति (प्रलक्षित/वास्तविक)-** वास्तविक

**संपति निरीक्षण की दिनांक व समय-** 11.03.2022, सुबह 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक

**ई-नीलामी की दिनांक व समय-** 15.03.2022, दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ)

| ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि |
|---|---|
| श्री आजाद कुमार दमानी पुत्र श्री राम गोपाल दमानी के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति प्लॉट जो ग्राम बागीद, ग्राम पंचायत धाकड़ खेड़ी, तहसील-मांडलगढ़, जिला-भीलवाड़ा, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 2500 वर्ग फीट है। **सीमाएं-** पूर्व: रोड़, पश्चिम: राम किशन जी का मकान, उत्तर: सुनिता जैन का नोहरा, दक्षिण: लक्ष्मण जी का मकान **अन्य ऋण भार:- ज्ञात नहीं** | आरक्षित मूल्य- रूपये 3,00,000/- (रूपये तीन लाख मात्र) धरोहर राशि- रूपये 30,000/- (रूपये तीस हजार मात्र) बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- (रूपये बीस हजार मात्र) |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से **दूरभाष नं.-01489-230007, मोबाईल नं. 8094007073** पर संपर्क कर सकते है।

दिनांक: 22.02.2022
स्थान: भीलवाड़ा

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

# महाप्रबंधक का निरीक्षण, अजमेर-भीलवाड़ा स्टेशन की सुविधाएं जांची

**अजमेर,** (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा ने मंगलवार को 22 फरवरी 2022 को चित्तोडगढ़ के समीप स्थित स्टेशन डेट से अजमेर खंड का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस खंड के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न स्टेशनों, रेलवे कॉलोनी, रनिंग रूम, लॉबी, गैंग, रेलवे स्टाफ व यात्री सुविधाओं, रेल फाटकों, रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग, कर्व, क्रासिंग, बडे और छोटे पुल व आरयूबी का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महाप्रबंधक ने निरीक्षण के अंतर्गत यात्री सुरक्षा व सुविधाओं को बढ़ाने के लिए किए गये कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक नवीन कुमार परसुरामका सहित मुख्यालय के प्रमुख विभागों के विभागाध्यक्ष व मंडल के शाखाधिकारी साथ थे। उन्होने धुवाला स्टेशन से विजयनगर स्टेशन तक स्पीड ट्रायल पर भी गए। तत्पश्चात विजयनगर स्टेशन का निरीक्षण किया गया।अजमेर स्टेशन पर पहुंचने पर महाप्रबंधक ने रनिंग रूम, क्रू लॉबी सहित स्टेशन की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारिओं से मुलाकात की और रेल कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में चर्चा की।

**भीलवाडा।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा मंगलवार को चित्तौढगढ के डेट से अजमेर खंड के वार्षिक निरीक्षण पर रहे। इसी के तहत वे मंगलवार को भीलवाडा स्टेशन पहुंचे और निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि उन्होने भीलवाडा स्टेशन का निरीक्षण किया, यात्रियों से बातचीत की। जो डिमांड सामने आई है, उनमें से जरुरत के हिसाब से भीलवाडा को कुछ न कुछ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज भीलवाडा से अजमेर सेक्शन का निरीक्षण कर रहे हैं। इसमें डिविजन के सभी प्रमुख अधिकारी भी साथ हैं। हर पहलु पर जांच की जा रही है। हर टीम हर स्टेशन पर उतर कर कहीं भी जाती है और सेफ्टी हो या फेसिलिटिज का ऑडिट हो, निरीक्षण किया गया है।

उन्होंने कहा कि किस तरह के लोग हैं, जो रेलवे के रुल्स का उल्लंघन कर रहे हैं, उनके तहत आरपीएफ क्या एक्शन ले रही है। उन्होंने कहा कि महत्त्वपूर्ण बात यह है कि भीलवाडा में करीब 33 सीसी टीवी कैमरे लगे हैं। यह देखा गया कि सभी कैमरे चल रहे हैं या नहीं। यह कैमरे स्टेशन के कौने-कौने को कवर कर रहे हैं। रिकॉर्डिंग फैसिलिटी भी चेक की। इन्हीं सब चीजों को लेकर निरीक्षण किया जा रहा है। पब्लिक से भी मिल रहे हैं। निरीक्षण के बाद यह तय किया जायेगा कि यात्रियों को और क्या बेहतर सुविधायें दे सकते हैं।

उन्होंने कहा कि स्टेशन पर एक वाटर कुलर प्लांट लगाया है, इसके लिए सोलर पैनल स्टेशन की छत पर लगाये गये हैं। उन्होंने कहा कि जो भी चीजें अच्छी होगी, उन्हें पूरे मंडल में लागू किया जायेगा। इससे पहले महाप्रबंधक शर्मा ने डेट, हमीरगढ आदि स्टेशनों रेलवे कॉलोनी, रनिंग



उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय शर्मा ने अजमेर खंड का वार्षिक निरीक्षण किया।

■ यात्री सुरक्षा व सुविधाओं को बढ़ाने के लिए किये गये कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की

रूम, लॉबी, गैंग, रेलवे स्टाफ व यात्री सुविधाओं, रेल फाटकों, रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग, कर्व, क्रासिंग, बडे और छोटे पुल व आरयूबी का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महाप्रबंधक के निरीक्षण के अंतर्गत यात्री सुरक्षा व सुविधाओं को बढाने के लिए किये गये कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की ।

इसके बाद करीब पौने बारह बजे महाप्रबंधक भीलवाड़ा स्टेशन पहुंचे। जहां उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने स्टेशन का निरीक्षण किया। शर्मा ने रेलवे गेट, सैकंड एंट्री, गेटमेन रूम, आरपीएफ, ट्रैक, प्लेटफार्म, पार्सल, स्वास्थ्य केंद्र, आरक्षण केंद्र, कॉलोनी आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मंडल रेल प्रबंधक नवीन कुमार परसुरामका सहित मुख्यालय के प्रमुख विभागों के विभागाध्यक्ष व मंडल के शाखाधिकारी साथ थे। जीएम यहां से रवाना हो गये। इसके बाद धुवाला स्टेशन से विजयनगर स्टेशन तक स्पीड ट्रायल लिया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जागरुकता शिविर



राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

**नसीराबाद,** (निसं)। न्याय विभाग की पहल पर अदालतों मे बढते प्रकरणों के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत लगाकर परिवादियों से समझोता कराने की पहल न्याय विभाग ने चला रखी है। इसी के तहत देरांठू ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आगामी 12 मार्च को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए मगंलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इसमे देरांठू निवासियों के लम्बित प्रकरणों मे पक्षकारों के बीच समझाईश कराने हेतू पंचायत मुख्यालय बुलाया गया। जिसमे आये सभी पक्षकारों को

■ 12 मार्च को लगेगी लोक अदालत

तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर जिला सचिव अपर जिला एवं न्यायाधीश रामपाल जाट ने आपसी सहमति से प्रकरणों का निस्तारण मिल बैठकर केसे किया जाय जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटी छोटी बातो से बढते विवाद जो अदालत मे आ जाते है, जिससे समय व धन आदि लगने के साथ परिवार मे मन मुटाव व रंजिश घर करती जाती है। न्याय विभाग ने ऐसे प्रकरणों को ध्यान मे रखते इनका शीध्र निस्तारण कराने व बढते पारिवारिक विवादों के निस्तारण के लिए यह लोक अदालत लगाकर कर समझोता कराने मे पहल की है।

जिसमे सभी तरह के प्रकरणों का मिल बैठकर निस्तारण किया जायेगा जानकारी दी। आयोजित इस शिविर मे सरपंच विजेंद्र सिंह राठौड़, ग्राम विकास अधिकारी रामवीर मीणा, पैरा लिगल एडवोकेट हेमन्त प्रजापति, वालिन्टीयर भरत कुमार प्रजापति, एडवोकेट सुखदेव चौधरी, एडवोकेट ललित नारायण मेहरा, एडवोकेट हेमन्त शेखर, एडवोकेट नरेन्द्र सिंह राठौड़, एडवोकेट वसीम, एडवोकेट जीतेन्द्र गुर्जर, समाजसेवी जीवराज जाट, राजेन्द्र सिंह राठौड़, कैलाश पाराशर के साथ पक्षकार गण व ग्रामीण उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त

### गोपाल बिहारी मंदिर में पाटोत्सव

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। पुराना शहर स्थित गोपाल बिहारी मंदिर में पाटोत्सव जगतगुरु निम्बार्काचार्य श्रीजी महाराज के सानिध्य में उल्लास पूर्वक मनाया गया। अध्यक्ष राजेंद्र कुमावत व मंदिर इंचार्ज रवि शर्मा ने बताया कि पंचामृत अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। श्रीजी महाराज द्वारा ध्वजा पूजन कर आरती की गई। भजन गायक हीरालाल, जुगल किशोर सहित बालक तक्षक राज व सूरज ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। युगल स्वरूप का श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर संयोजक रमेश राठी, अनुराग व्यास धर्मवीर कोठारी, महेश मुंदड़ा, अनुपम रतावा, परमेश्वर शर्मा, सुरेश पटवारी, मोहित खंडेलवाल, श्रीनिवास कालानी, कपिल अदानिया, अमित, सुमित, सुनील, राजू शर्मा, आशीष, अमित माथुर, विक्रम गुर्जर, सुरेश, अशोक, संजय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सुविधाए उपलब्ध कराने की मांग

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। दीनबंधु सेवा संस्थान अध्यक्ष, एडवोकेट रूपेश शर्मा ने नगरपरिषद सभापति व आयुक्त को ज्ञापन सौपकर कच्ची बस्ती हाउसिंग बोर्ड स्थित सामुदायिक भवन में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। अध्यक्ष शर्मा ने सामुदायिक भवन में रंग रोशन, बालिकाओं के लिए शौचालय सहित भवन के सामने सी सी ब्लॉक लगवाकर बाउंड्री वॉल करवाने की मांग की। आयुक्त तेजराम मीणा, सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने उचित कार्यवाही करने के लिये आश्वस्त किया। ज्ञातव्य है कि करीब 3 वर्षों से सामुदायिक भवन में निशुल्क बालिका शिक्षा जागृति केंद्र चलाया जा रहा है, जिसमें 80 बालिकाएं अध्यनरत है, किन्तु मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बालिकाओं को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

### ई-मित्र केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**भीलवाडा,** (निसं)। राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों की पालना में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग बनेड़ा की प्रभारी अधिकारी, स्वीटी रामनाणी द्वारा विभागीय टीम का गठन कर ई-मित्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ई-मित्र धारकों को आमजन को निर्धारित दर पर सेवाएं देने हेतु पाबन्द करते हुए, आमजन को समस्त राजकीय परियोजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु प्रेरित किया। बबराणा पंचायत के ई-मित्र पर रेट लिस्ट एवं कॉ-ब्राण्ड बैनर चस्पा नहीं होने जैसी अनियमितताएं मिलने पर विभागीय राजधारा एप के माध्यम से शास्ति आरोपित की गई। निरीक्षण के दौरान जाकिर काजी एवं संजीव कुमावत सहायक प्रोग्रामर उपस्थित रहे।

# साझा प्रयासों से बाल यौन शोषण पर अंकुश संभव : रामपाल जाट

**अजमेर,** (कासं)। एडीआर सेन्टर के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रामपाल जाट एवं राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास के द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन के सहयोग से मंगलवार को बाल यौन शोषण, बाल तस्करी एवं बाल श्रम के साथ-साथ बालकों के अन्य मुद्दों पर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि जन संवाद का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजमेर सचिव रामपाल जाट, राज्य बाल आयोग की सदस्या नुसरत नकवी, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक धर्मवीर सिंह जानू, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अंजली शर्मा, अजयमेरू प्रेस कूब महासचिव एवं बचपन बचाओ आन्दोलन के प्रतिनिधि राजेन्द्र गुंजल एवं संस्था सचिव तथा

■ बाल संरक्षण मामलों को लेकर जन संवाद कार्यक्रम

■ 20 से अधिक मामलों पर हुई सुनवाई

मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने संयुक्त रूप से किया।

सचिव रामपाल जाट ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी के साझा प्रयासों से हम बाल कल्याण के मुद्दों पर बेहतर कार्य कर सकते है तथा इस प्रकार के जन संवाद कार्यक्रमों से बाल यौन शोषण व बाल दुर्व्यवहार रोकने में साझा भूमिका सुनिश्चित की जा सकती है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामपाल जाट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़ी पीड़ित प्रतिकर स्कीम, पोक्सो व अन्य मामलों में उपलब्ध कराई जाने वाली विधिक सहायता के बारे में विस्तार से बताया। जन संवाद के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने अजमेर से सम्बन्धित बाल कल्याण के मुद्दों पर प्रश्न किए जिनका जवाब सचिव ने देते हुए कहा कि हम सभी को संवेदनशील होकर बालकों से सम्बन्धित कार्यों को प्राथ्मिकता से करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए राज्य बाल आयोग की सदस्या नुसरत नकवी ने कहा कि बच्चे के सर्वोपरि हित को ध्यान में रखते हुए हमें निणर्य लेते हुए समन्वित प्रयास करने होंगे तब ही हम बच्चों के लिए बेहतर कार्य कर सकेंगे। नकवी ने कहा कि जहां भी आयोग स्तर पर सहयोग की आवश्यकता होगी आयोग सदैव तत्पर रहेगा।

जन संवाद के दौरान 20 से ज्यादा बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार के मामलों की सुनवाई की गई एवं बालको को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा स्कूल से जोडे में आ रही समस्याओं पर चर्चा करते हुए सम्बन्धित विभाग को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही अजमेर को बाल मित्र जिला बनाने के लिए साझा प्रयासों की आवश्यकता पर खुलकर चर्चा हुई। कार्यक्रम में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन के प्रतिनिधि इल्हान सेमिन, मानव तस्करी विरोधि ईकाई से अशोक कुमार बिश्नोई, जिला बाल संरक्षण ईकाई से रूचि मोर्य, अभिषेक गजराती, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, चाइल्ड लाइन, बाल कल्याण समिति सदस्य एवं बाल कल्याण से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक नानूलाल प्रजापति ने किया। संस्था की एक्सेस टू जस्टिस एवं चाइल्ड लाइन कार्यक्रम टीम वलक्ष्मण सिंह, विक्रान्त बोयत आदि ने सहयोग किया।

# नगर निगम कमिश्नर ने पुरानी मंडी का दौरा किया

**अजमेर,** (कासं)। शहर के सबसे व्यस्तम पुरानी मंडी बाजार में व्यापारियों द्वारा लगातार की जा रही पार्किंग की स्थाई समाधान को लेकर मंगलवार को नगर निगम के कमिश्नर ने स्थानीय पार्षद और व्यापारिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बाजार का दौरा किया और पार्किंग के लिए जगह की तलाश की।

अजमेर शहर के व्यस्ततम बाजार पुरानी मंडी में लंबे समय से आ रही पार्किंग की समस्या का स्थाई समाधान की मांग और स्थान तलाशने के लिए स्थानीय पार्षद अशोक मुदगल और व्यापारिक एसोसिएशन की अनुशंसा पर मंगलवार को नगर निगम आयुक्त देवेंद्र कुमार ने पुरानी मंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निगम के पश्चात नगर निगम कमिश्नर देवेंद्र कुमार ने मीडिया कमिर्यों को बताया कि पुरानी मंडी बाजार व्यापारिक एसोसिएशन और पार्षद द्वारा उन्हें जानकारी दी गई कि वर्तमान में व्यस्ततम बाजार पुरानी मंडी में दुकानदारों और ग्राहकों को दो पहिया वाहन पार्किंग करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यदि वाहन पार्क हो जाते हैं तो पैदल चलने की जगह भी नहीं रहती। ऐसे में पार्किंग समस्या का स्थाई समाधान होए इसे लेकर स्थान तलाशने के लिए बाजार का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि बाजार में मौजूद वर्षों पुराना भवन दिखाया गया है जिसे तोड़ कर स्थाई पार्किंग बनाई जा सकती है। इस बारे में जिला प्रशासन के साथ वार्ता कर जल्द ही इस पर कार्य शुरू किया जाएगा। वार्ड 69 के पार्षद अशोक मुदगल ने बताया कि शहर का सबसे व्यस्ततम बाजार पुरानी मंडी है जहां दिनभर दुपहिया वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में दुकानदारों के वाहन पार्क होने से स्थान की कमी होती है और जाम जैसी समस्याओं का दिनभर सामना करना पड़ता है। ऐसे में पुरानी मंडी क्षेत्र में 50 साल पुराने शराब के ठेके वाले भवन को तोडक़र यहां स्थाई पार्किंग बनाई जा सकती है। इसके अलावा नया बाजार के दुकानदारों और ग्राहकों की पार्किंग पुराने पशु चिकित्सालय में की जा सकती है, जिससे शहर के व्यस्ततम बाजारों में वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सकता है।

# 'स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों व लैब असिस्टेन्ट के पद भरें जाएं'

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव एवं अजमेर उत्तर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी महेन्द्र सिंह रलावता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से राजस्थान की सरकारी स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व लैब असिस्टेन्ट के हजारों खाली पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व शिक्षामंत्री बी.डी. कल्ला को भेजे ई-मेल संदेश एवं पत्र में रलावता ने कहा है कि सन् 1992 के बाद सरकारी स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती नही हुई, जबकि सेवानिवृति निर्धारित प्रावाधानों के तहत जारी रही। तब से अब तक तीस साल की अवधि में राज्य की सरकारी स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के हजारो पद रिक्त हो गए है। जिससे शाला प्रबंधको का भारी परेशानी का सामना करना पडता है। शाला प्रधान द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को संविदा पर रखे जाने का कोई प्रावधान भी नही है। रलावता ने मुख्यमंत्री गहलोत व शिक्षामंत्री कल्ला को लिखा है कि इसी प्रकार राजस्थान के सरकारी स्कूलों में लैब असिस्टेन्ट यानि प्रयोगशाला सहायकों के सैंकडो पद तीस सालों से रिक्त है और सेवानिवृति की प्रक्रिया जारी है। इससे विज्ञान विशेषज्ञ अध्यापकों को परेशानी का सामना करना पडता है और विज्ञान के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम प्रभावित होने की आंशका बनी रहती है। रलावता ने कहा है कि प्रदेश की सरकारी स्कूलो को इंगलिश मीडियम बनाने व विद्याथिर्यो के लिए नि:शुल्क यूनिफॉर्म सहित कई योजनाएं लागू करके प्रदेश के भविष्य को श्रेष्ठ बनाने में जनहितकारी निर्णय लिए है। इसलिए उपरोक्त हजारों रिक्त पदो पर भर्ती प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू की जाए।

## सार-समाचार

### आयुष विभाग की कार्यवाही



**ब्यावर** (निसं)। शहर में अवैध रूप से प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री को लेकर आये दिन शिकायते मिल रही थी। आयुष विभाग द्वारा अलग अलग तीन टीम बनाकर पली बाज़ार स्थित ब्यावर मेडिकल, सूरज पोल गेट केली देवी स्कूल के नीचे स्थित जय मेडिकल और विजय नगर रोड साहू वाटिका के बाहर स्थित सीमा मेडिकल और गोयल फार्मा पर जांच की कार्यवाही की गई। जांच टीम में अमित शर्मा, नरेंद्र सिंह और मोनिका जाग्रत अदि थे। कार्यवाही के दौरान सिटी थानाधिकारी संजय शर्मा और वृत्त निरीक्षक सुमित मेहडा भी उपस्थित रहे। पिछले काफी लम्बे समय से नशे में लिप्त लोगो द्वारा प्रतिबंधित दवाओं के खुले आम सेवन की जानकारी सामने आ रही थी। बताया जा रहा था की एलर्जी में काम आने वाले एविल डेक्सोना के इंजेक्शन नशेडी लोग बगेर चिकित्सक की पर्ची के सस्ता होने के कारण स्वयम ही खरीदकर लगा लेते है। एविल इंजेशन को इन दिनों नशे के विकल्प के रूप में बहुतायत से इस्तेमाल किया जा रहा है। एविल इंजेक्शन, मार्केट में एम्प्युल और वाईल के रूप में बिकता है। वाईल के रूप में इसे केवल अस्पताल ही ख़रीदते हैं। लेकिन इन दिनों दुकानदार इन्हें नशेडियों को 100 गुना तक ज़्यादा दामों पर बेच रहे हैं।

### उत्कृष्ठ सेवा कार्य करने वालों का सम्मान



**नागौर,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय नागौर के तत्वाधान मे स्काउट व गाइड के जन्मदाता लार्ड वेडेन पावेल का जन्म दिवस जिसे चिंतन दिवस के रूप मे भी मनाया जाता हैं के अंतर्गत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गिन्नानी नागौर मे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की गाइड्स द्वारा उत्कृष्ट सेवा कार्य करने पर राष्ट्रीय स्तर पर सत्र 2019-20 प्रधानमंत्री मंत्री शील्ड राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गिन्नानी नागौर से नावाजा गया हैं। यूनिट लीडर इंद्रा विशनोई सप्रभारी नरपत पोटलिया व 32 गाइड्स के उत्कृष्ट सेवा कार्य वर्षप्रयन्त करने पर सीओ गाइड मीनाक्षी भाटी द्वारा प्रमाण पत्र और सेवा बेज प्रदान किया गया। इस इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ कृष्णा दाधीच, प्रभा गोयल, अनीशा खिलजी, सरिता इनानिया सीता जैन, हेमलता, ओमप्रकाश सुथार, देव किशन, और संतोष रजिया, सुल्ताना हर्षुल पटेल हेतवी आदि उपस्थित थे। संयुक्त सचिव इंदिरा विश्नोई द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### रथ को हरी झंडी दिखाई

**मसुदा,** (निसं)। दिशा संस्थान मसूदा द्वारा उपखंड क्षेत्र मसूदा में उन्नति परियोजना के तहत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे इसी क्रम में कोरोना जागरूकता रथ को तहसीलदार मसूदा पदमा चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिशा आरसीडी समाज सेवी संस्था अजमेर के कम्युनिटी लाईजनिंग ऑफिसर राजेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी कार्मिकों के समक्ष संस्था का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया साथ ही बताया की आम जन को कोरोना टीके के बाद भी कोरोना उपयुक्त व्यवहारों का नियमित पालना करना चाहिए। कोरोना जागरूकता जन सतर्कता अभियान रथ रवाना होने के दौरान राजेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी संभागीयो को बताया कि उपरोक्त जागरूकता रथ अभियान कार्यक्रम ब्लॉक मसूदा में 22 फरवरी से 26 फरवरी के मध्य ग्राम पंचायत श्यामगढ, कानाखेडा, हरराजपुरा, मोयणा, मानपुरा, देवपुरा के गांवों में कोरोना जन जागरूकता अभियान अन्तर्गत आम जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा। इसी क्रम में मसूदा, रामपुरा, गुड्डा, सबलपुरा, मानपुरा में जन सतर्कता अभियान का कार्यक्रम का आज सफल संचालन किया जायेगा। रथ अभियान कार्यक्रम में नायब तहसीलदार धर्मराज राठौडिया, ओमप्रकाश लुणावत, घनश्याम जी सेन ,दुष्यंत सिंह राठौड़, रामकिशन जी देवड़ा द्वारा भाग लिया गया। रथ अभियान कार्यक्रम में संस्था स्टाफ रजनी, सरकार सिंह, नेकराज सिंह, मधु रावत ने भी उपस्थित सभी संभागीयो को स्वास्थ्य संबंधित उपयोगी जानकारियों से अवगत करवाया।

# शहरी क्षेत्रों के पेराफेरी गांवों में पात्र लोगों को यूआईटी पट्टे जारी करें: रामलाल

**भीलवाडा,** (निसं)। राजस्व मंत्री रामलाल जाट व जिला कलेक्टर आशीष मोदी के आतिथ्य में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को नगर विकास न्यास के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। राजस्व मंत्री ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को कहां कि समिति का गठन कर सर्वे करवाएं जिससे कि शहरी नगरीय क्षेत्र के पेराफेरी ग्रामों में पट्टे से वंचित आमजन को पट्टे जारी किए जा सके।

राजस्व मंत्री जाट ने बताया कि आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व नियमों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा नियमों में सरलीकरण किया गया है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अंतर्गत जारी कार्यो को जल्द पूरा किया जाए एवं कम्युनिटी हॉल, शमशान इत्यादि का प्राथमिकता से विकास करें। जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को


राजस्व मंत्री रामलाल जाट व जिला कलेक्टर आशीष मोदी के आतिथ्य में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर विकास न्यास के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

निर्देश दिया कि जल्दी नई समिति का गठन कर सर्वे किया जाए जिससे कि वंचित आमजन को नियमानुसार पट्टा जारी किया जा सके। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिले के उपखंड व विकास अधिकारी एवं तहसीलदार की ज्वाइंट मीटिंग आयोजित कर प्रेजेंटेशन के माध्यम से रूपरेखा तैयार की जाएगी जिससे कि शहर में विकास व सौन्दर्यीकरण के कार्यों को पूर्ण किया जा सके। बैठक में राजस्व मंत्री व जिला कलक्टर ने मास्टर प्लान, जोनल डेवलपमेंट प्लान , मेडिसिटी योजना, गांधी वाटिका, जोधडास में कोठारी नदी में पर निर्माणाधीन हाईलेवल ब्रिज सहित

■ नगर विकास न्यास के कार्यों की समीक्षा बैठक

अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में पेराफेरी क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों के सरपंच व वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे जिन्होंने पेराफेरी क्षेत्र की पंचायतों में आ रही संबंधित समस्याओं की जानकारी दी जिस पर राजस्व मंत्री व जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। इससे पूर्व न्यास सचिव अजय कुमार आर्य ने प्रजन्टेशन द्वारा नगर विकास न्यास के विकास कार्यों से अवगत कराया। बैठक में एडीएम (प्रशासन) राजेश गोयल, भीलवाडा उपखंड अधिकारी ओमप्रभा सहित नगर विकास न्यास के वरिष्ठ अधिकारीगण, पेराफेरी क्षेत्रों के जनप्रतिनिधिगण व अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

